# दिन भर 'छाए' रहे सांसद 'हरीश द्विवेदी' 'करोड़ों' का किया 'लोकार्पण/शिलान्यास'

## गौर में 6.88 करोड़ की 107 परियोजनाओं का किया शिलान्यास एवं लोकार्पण




❖ कप्तानगंज में विभिन्न ग्राम पंचायतों में 8.3 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास/लोकार्पण ❖ दुबौलिया में विधायक हरैया अजय सिंह के साथ विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगभग 4 करोड़ से ज्यादा लागत की 101 परियोजनाओं का किया लोकार्पण ❖ बस्ती बभनान तथा गौर में सात ट्रेनों के ठहराव से जनता गदगद

तेजयुग न्यूज़

**बस्ती।** गुरुवार का दिन सांसद हरीश द्विवेदी का रहा, इस दिन इन्होंने गौर, कप्तानगुंज और दुबौलिया ब्लॉक और ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपये का षिलान्यास किया और करोड़ों रुपयके की परियोजनाओं का लोकार्पण कर उसे जनता को समर्पित किया। गौर विकासखंड कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि केंद्र और उत्तर प्रदेश के डबल इंजन की सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास को समर्पित है। जनता ने जिन आकांक्षाओं के साथ भारतीय जनता पार्टी को चुना था वे सपने साकार हो रहे हैं। भाजपा सरकार गांव गरीब किसान की सेवा को संकल्पबद्ध है।

मोदी सरकार जन आकांक्षाओं पर खरा उतर रही है। उपस्थित जन समूह को केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा बस्ती में हुए विकास कार्यों को गिनाया। कहा कि मोदी सरकार सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के संकल्प के साथ गरीब कल्याण के लिए निरंतर कार्य करते हुए नव भारत निर्माण के लिए काम कर रही है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने गौर, बभनान एवं बस्ती में सात ट्रेनों के ठहराव के निर्णय पर गदगद होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को आत्मीय आभार ज्ञापित किया। भाजपा नेता जटाशंकर शुक्ल, खंड विकास अधिकारी सुशील पांडेय, राजेश सिंह, विनोद सिंह, मंडल अध्यक्ष विजय गुप्ता, संतोष शुक्ल, वरुण पांडेय, नागेंद्र सिंह सिंकू, अमित शुक्ल, राधेश्याम कमलापुरी सहित सभी प्रधान गण एवं क्षेत्र पंचायत गण व सैकड़ों क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

कप्तानगंज में सांसद हरीश द्विवेदी ने विकास खंड कप्तानगंज में विभिन्न ग्राम पंचायतों में 8.3 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण कर क्षेत्र की जनता को समर्पित किया। साथ ही भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत हडको एवं एलिम्को कानपुर के सहयोग से लगभग 803 दिव्यांगजनो को ट्राई साईकल, मोटराइज्ड ट्राई साईकल सहित अन्य सहायक उपकरणों का वितरण किया। भोला निषाद, खंड विकास अधिकारी रमेश दत्त मिश्र, मंडल अध्यक्ष कप्तानगंज गौरव मणि त्रिपाठी, राम शंकर यादव, राजेश त्रिपाठी, ओम प्रकाश ओझा, राम अजोर राजभर सहित अनेक प्रधान गण, क्षेत्र पंचायत सदस्य गण व सैकडों क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। इसी तरह दुबौलिया में सांसद हरीश द्विवेदी ने विकास खंड दुबौलिया में विधायक हरैया अजय सिंह के साथ विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगभग चार करोड़ से ज्यादा लागत की 101 परियोजनाओं का लोकार्पण कर क्षेत्र की जनता को समर्पित किया। यहाँ राजेश यादव, खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार कौशल, शिवप्रसाद सिंह, सुनील सिंह, साधू शरण, दिनेश पांडेय, अमरनाथ चैधरी, श्रीनिवास पाठक, कृष्ण मुरारी, प्रवीण कुमार सहित सभी प्रधान गण एवं क्षेत्र पंचायत गण व सैकडों क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत सभागार में जनप्रतिनिधियों का सम्मेलन

तेजयुग न्यूज़




**रायबरेली।** जिला पंचायत सभागार में पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मेलन का आयोजन दो पालियों में किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने किया। जिसमें प्रथम पाली में विकास खंड हरचंदपुर, सतांव और द्वितीय पाली में खीरों एवं बछरावां के जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने हिस्सा लिया।

सम्मेलन में आये हुए पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया गया। सम्मेलन में जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्रों में अति आवश्यक कार्यों का विवरण लिया गया। जिससे उन कार्यों को एम एल सी निधि, जिला पंचायत अथवा राज्य सरकार से सहयोग करा कर जनपद के समग्र विकास में अपना योगदान दिया जा सके। साथ ही सभी उपस्थित सदस्यों से रायबरेली के सम्पूर्ण विकास में एक साथ मिलकर योगदान व सहयोग देने का आह्वान किया गया। सम्मेलन में जनपद वासियो को अधिक से अधिक सरकारी कार्यों और योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए एक साथ मिलकर कार्य करने पर चर्चा हुई। सभी पंचायत प्रतिनिधियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश के विकास पर भी चर्चा की गयीं। सम्मेलन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र के विकास कार्यो के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा भी की।

## पुलिस अधीक्षक ने 13 निरीक्षक और एक उपनिरीक्षक का किया तबादला

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने 13 निरीक्षक को नयी तैनाती दी है।वहीं एक उपनिरीक्षक के कार्य क्षेत्र में बदलाव कर दिया। जिले में परसपुर थाने पर चार्ज पर रहे उपनिरीक्षक शेष मणि पाण्डेय को परसपुर थाने से हटाया गया है।वहीं निरीक्षक नागेन्द्र प्रताप राय को पुलिस लाईन से चुनाव प्रकोष्ठ भेजा गया है।जबकि लाईन से निरीक्षक शारदेन्दु कुमार पाण्डेय को न्यायालय सुरक्षा में भेजा गया है।विवेक त्रिवेदी प्रभारी न्यायालय सुरक्षा से मीडिया सेल तथा अरविंद कुमार अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक तरबगंज से अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक धानेपुर बनाया गया है।वहीं हरिश्चन्द्र भारती को लाईन से अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक मनकापुर बनाया गया है।राम पाल यादव को लाईन से 112 भेजा गया है।चन्द्र मोहन सिंह व अमित कुमार तिवारी को लाईन से अपराध शाखा भेजा गया है।वहीं राज कुमार यादव,और श्याम लाल यादव को लाईन से अपराध शाखा भेजा गया है।वहीं देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव को लाईन से प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात बनाया गया है। वहीं अरूण कुमार को कार्य वाहक प्रभारी थाना कोतवाली देहात गोण्डा से अपराध शाखा भेजा गया है।प्रदीप कुमार शुक्ला को लाईन थाना प्रभारी निरीक्षक परसपुर तथा शेष मणि पाण्डेय को परसपुर थाने हटाकर प्रभारी एसजेपीयू बनाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात कारणों से लगी आग में पाँच घर जलकर राख, मौके पर नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड टीम

*ग्रामीणों ने पंपिंग सेट चला कर पाया आग पर काबू*



**महराजगंज तराई (बलरामपुर)/पंकज मिश्र :** थाना क्षेत्र के महादेव गोसाई गांव में बृहस्पतिवार को लगभग तीन बजे दिन में अज्ञात कारणों से पप्पू के घर में आग लग गई। जिसके कारण घर में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। देखते देखते आग की लपटे पांच घरों में पहुंच गई। जिससे घर में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। साथ ही पप्पू की एक मवेशी भी आग में झुलस गई। किसी तरह ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आज पर काबू पाया। गांव के ही प्रवेश मिश्रा ने फायर ब्रिगेड को फोन किया लेकिन फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर नहीं आई। जिन घरों के गृहस्थी जलकर राख हुआ है किशोरी, रामजिवान, मुलायम, खंन्नू है। क्षेत्रीय लेखपाल राजू यादव ने बताया कि क्षति का आकलन करके रिपोर्ट विभाग के उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है।

### दो बाइकों में भिड़ंत, तीन घायल



**ऊंचाहार/रायबरेली :** कोतवाली क्षेत्र के कंदरांवा चौराहे के पास दो बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक पर सवार बुजुर्ग समेत तीन लोग घायल हो गये, जिसमें एक घायल को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बताते चलें कि क्षेत्र के भवानीदीन पुर मजरे मुरारमऊ गाँव निवासी अनूप कुमार 37 वर्ष अपने पिता रामनरेश 62 वर्ष तथा 3 वर्षीय बेटे एकांश को बाइक से लेकर बुधवार को कन्दरांवा गाँव में अपनी बहन के घर गया हुआ था और देर में घर वापस लौट रहा था, तभी चौराहे के पास ही सामने से आ रहे बाइक सवार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, घटना में तीनों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गये, राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस द्वारा घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद रामनरेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल तीन लोग सीएचसी आये थे, जिसमें एक घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# साइबर सेल की कार्यवाही से 1,99,999/- फ्रॉड गई धनराशि मिलने पर पीड़ित खुश!



तेजयुग न्यूज़

**गोण्डा।** जनपद गोण्डा में साइबर फ्रॉड की रोकथाम के संबंध में त्वरित कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय के मार्गदर्शन में जनपदीय साइबर सेल द्वारा पीड़ित से फ्रॉड की गयी धनराशि को सम्बंधित बैंक/इंटीमेडरी से संपर्क स्थापित करते हुए ठगी गयी धनराशि 1,99,999/- पीड़ित के खाते में वापस करवाया गया।

आवेदक ओसबोर्न फ्रेडरिक नि0 पन्त नगर थाना को. नगर जनपद गोण्डा द्वारा लैप्स बीमा पॉलिसी के एक्टिवेशन के नाम पर रूपये फ्रॉड खाते में ट्रांसफर कर देने की शिकायत पुलिस अधीक्षक गोण्डा के समक्ष की गयी थी। जिस पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा तत्काल कार्यवाही करने हेतु साइबर सेल को निर्देशित किया गया था। जनपदीय साइबर सेल द्वारा सम्बंधित बैंक/इंटीमेडरी से संपर्क स्थापित कर तत्काल कार्यवाही करते हुए पीड़ित के 1,99,999/- की वापसी करायी गयी। पीड़ित द्वारा अपने रूपये वापस पाकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

एसपी नेजनता को जागरूक करते हुए बताया गया कि साइबर ठगों से सावधान रहने की जरुरत है। किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी, बायोमैट्रिक डेटा, पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें। फ्रॉड ट्रांजेक्शन होने पर तत्काल अपने बैंक एवं पुलिस को सूचना दें एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 या डायल-112 पर भी शिकायत दर्ज कराएँ।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरैना वाजिद का किया औचक निरीक्षण

आलोक गुप्ता



**उतरौला (बलरामपुर) :** लगातार मिल रहे शिकायतों के बाद आखिरकार मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरैना वाजिद का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पीएचसी पुरैना वाजिद के अधीक्षक डॉक्टर तारिक सिद्दीकी गैर हाजिर मिले वहीं हेल्थ बेलनेस सेन्टर गालिबपुर बंद मिला। सीएमओ ने गैर हाजिर अधीक्षक डा तारिक सिद्दीकी का वेतन काटने के साथ बेलनेस सेन्टर गालिबपुर से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। सीएमओ मुकेश कुमार रस्तोगी को सीएचसी पुरैना वाजिद के अधीक्षक के अक्सर गायब रहने की शिकायत मिल रही थी। उसमें आरोप लगाया गया था कि सीएचसी अधीक्षक गोण्डा मुख्यालय पर रहकर निजी चिकित्सक का कार्य करते हैं। इस शिकायत पर सीएमओ ने सीएचसी पुरैना वाजिद का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक डाक्टर तारिक सिद्दीकी गैर हाजिर पाए गए। इस पर सीएमओ ने उनका वेतन रोकने का निर्देश दिया। उसके बाद सीएमओ ने हेल्थ एवं बेलनेस सेन्टर गालिबपुर का निरीक्षण किया। सेन्टर बंद पाए जाने पर सीएचसी श्रीदतगज के प्रभारी चिकित्साधिकारी से सीएचओ से स्पष्टीकरण तलब करने का निर्देश दिया है। उसके बाद सीएमओ ने सीएचसी श्रीदतगज के प्रसव कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यरत स्टाफ सुमन यादव को प्रत्येक प्रसूता को प्रसव के दो दिन तक अस्पताल में रोके रहने की हिदायत दी। सीएमओ के साथ जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, सीएचसी श्रीदतगज अधीक्षक डा मनीष श्रीवास्तव सहित तमाम स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# करनैलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर खराब है ब्लड प्रेशर नापने की मशीन!






तेजयुग न्यूज़

**गोण्डा ।** करनैलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मरीजों का ब्लड प्रेशर नापने की मशीन खराब है।जहाँ पर आने वाले मरीजों को बैरंग वापस लौटना पड़ रहा है। इस बावत करनैलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारी कोई सार्थक जबाब नहीं दे रहे हैं। करनैलगंज इलाके के मरीज अरूण कुमार शुक्ला ने बताया कि वह करनैलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर इलाज हेतु आये थे।

जिन्हें अपना ब्लड प्रेशर नपवाना था। परंतु ब्लड प्रेशर नापने की मशीन खराब होने का बहाना बताकर उन्हें बैरंग वापस लौटा दिया गया।उन्होंने बताया की स्टाफ के लोग कोई सार्थक जबाब नहीं दे रहे हैं।कि ब्लड प्रेशर नापने की मशीन कब सही होगी।ऐसे में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर कोई ध्यान देने वाला नहीं है।उन्होंने प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक स्वास्थ्य मंत्री से करनैलगंज सीएचसी पर ब्लड प्रेशर नापने की मशीन तथा अन्य उपरण सही कराने की मांग की है।

## कोतवाली नगर पुलिस ने जालसाज को दबोचा

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी गोण्डा मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना को0 नगर पुलिस टीम द्वारा सम्बन्धित वांछित अभियुक्त जवाहर लाल को उसके घर से दबोच लिया वादी गिरीश यादव लेखपाल जानकी नगर ग्रामीण द्वारा थाना को0 नगर में सूचना दी गयी कि गाटा सं0-353 व 354 जो राजस्व अभिलेखों में बंजर श्रेणी की भूमि है। जिसकों जवाहर लाल पुत्र तिलकराम द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अमित अग्रवाल के नाम बैनामा करवा दिया गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0 नगर में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

# विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे छात्रों को किया गया सम्मानित

तेजयुग न्यूज़



**बालपुर (गोंडा)।** विकास खंड हलधरमऊ के बालपुर परसपुर रोड स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारभ कालेज के प्रबंधक विजय कुमार उपाध्याय ने दीप प्रज्वलित करके किया। जिसमे एक सप्ताह से चल रही खेल कूद प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं के साथ - साथ पोस्टर, सामान्य ज्ञान, वादविवाद, भाषण तथा माडल बनाने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

खेल प्रभारी सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि सीनियर वर्ग कबड्डी में कक्षा 9 की टीम विजयी रही। कुर्सी दौड़ में शगुन व लवी ने बाजी मारी, निबंध में इंद्र मणि शुक्ल व मयंक विजयी घोषित किए गए। वही कालेज की छात्रा शिवांगी, स्नेहा, अंजली, तारा रावत, वागीशा, आदिति मिश्रा, सीमा सहित अन्य बच्चो ने लोक गीत, स्वागत गीत, दहेज गीत सुनाकर लोगो का मन मोह लिया। कालेज की प्रधानाचार्या कावेरी सिंह ने बच्चो का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि जिन मेधावियों को सम्मान मिला उनको इस सम्मान को प्रेरणा मानकर अपने लक्ष्य निर्धारित करके पढ़ाई में जुट जाना चाहिए। जिनको इस समारोह में पुरस्कार नही मिला वे बच्चे निराश न हो आगे कड़ी मेहनत करके मुकाम हासिल करने की जरूरत है। इस दौरान दुर्गेश गुप्ता, आनंद शुक्ल, खुशबू मिश्रा, आकांक्षा शुक्ल, रजनी तिवारी, रेखा सिंह, साजिया, सपना, किशन तिवारी, गोलू उपाध्याय, राजेश मिश्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# देर रात हुई सड़क दुर्घटना में 2 लोगों की कार में जिन्दा जलने से दर्दनाक मौत

## तीसरा जलकर घायल लखनऊ रैफर, असमय कार में जलकर दर्दनाक मौत हो गयी, गोण्डा के जिला हॉस्पिटल में इलाज के उपरान्त लखनऊ रैफर कर दिया गया

कौशल पाण्डेय

**गोण्डा ।** देर रात गोण्डा लखनऊ राजमार्ग पर एक कार ट्रैक्टर ट्राले से टकरा कर धू धू कर जल गयी।कार में तीन लोग सवार थे जिसमें दो लोगों की जिन्दा जलकर असमय दर्दनाक मौत हो गयी।तीसरे को उपचार हेतु गोण्डा के एक जिला अस्पताल में इलाज के बाद लखनऊ रिफर कर दिया गया है। जिसकी हालत नाजुक बतायी जा रही है। मामला जिले के थाना कोतवाली नगर इलाके के सीताराम वाणी शिक्षण संस्थान हारीपुर गोण्डा लखनऊ राजमार्ग के पास का है। जहाँ भीषण सड़क दुर्घटना में 2 यवक जिन्दा जल गये। जिनकी असमय कार में जलकर दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि 1 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे गोण्डा के जिला हॉस्पिटल में इलाज के उपरान्त लखनऊ रिफर कर दिया गया है । जहाँ उसकी स्थिति गम्भीर बनी हुई बताया जाता है।

मिली जानकारी के अनुसार दो मृतकों में अनुपम पाठक पुत्र माता प्रसाद पाठक उम्र 23 वर्ष निवासी मिझौरा थाना परसपुर गोण्डा तथा बिन्देश यादव पुत्र केशव राम यादव उम्र 24 वर्ष निवासी पूरे संगम कंधई पुरवा बम्डेरा थाना कटराबाजार का होना बताया जा रहा है। जबकि इसी कार में सवार सूरज पाठक पुत्र दीनानाथ पाठक निवासी पूरे संगम कंधई पुरवा बम्डेरा जलकर गम्भीर रूप से घायल है। जिनका इलाज जिला हॉस्पिटल में होने के उपरान्त लखनऊ रिफरकर दिया गया है।जहां स्थिति गम्भीर बनी हुई है।प्रत्यक्षदर्शी सूत्रो के अनुसार देर रात की है।सड़क दुर्घटना में जलने वाली गाड़ी आई 20 हुन्डैई है। जिसका पंजीकरण नम्बर यूपी43 एएम 0486 है जो लखनऊ रोड से गोण्डा की तरफ जा रही थी। अचानक ट्रैक्टर ट्रॉली आ जाने जबरदस्त तरीके से भिड़न्त हो गयीं और टक्कर इतनी जबरदस्त थी। कि कार में आग लग गयी जो धू धू कर जल गयी।

जहाँ फिलहाल एससीपीएम पुलिस चौकी हारीपुर थाना कोतवाली नगर गोण्डा के स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने अनुपम पाठक एवम बिन्देश यादव को मृत घोषित कर दिया ।जब कि सूरज पाठक का गोण्डा के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।जहाँ उसकी हालत नाजुक बतायी जा रही है।कोतवाली नगर पुलिस ने दोनों मतृको के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। इस घटना से इलाके में कोहराम मच गया है।परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।पीड़ित परिजनों के चीत्कार से पूरा गांव कराह रहा है।शुभ चिन्तकों और रिश्तेदारों का आना जाना जारी है।सड़क दुर्घटना भारी है।



